12. Vishwa Bharati Spinning & "Weaving Cooperative Society Ltd., Bhiwandi.
13. Yeotmal Ziala Sahakari Soot Wa Kapad Girni Ltd., Pusad.
14. The Yeshwant Sahakari Soot Girni Niyamit, Bhor.
15. The Yeshwant Sahakari Soot Girni Niyamit, Solapur.
16. The Jawahar .iSahakari Kapus Utpadak Soot Girni Maryadit, Latur.

Increase in import duty on Life Saving Drug (Erthromycine)

1072. PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether the import duty on TIOC intermediate for ljfe saving drug Erythromycine has been increased lately from 26 per cent to 145 per cent; and

(b) if so, whether Government propose to reduce it to ease the hardships caused to common man?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF REVENUE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI AJIT PANJA): (a) The import duty on TIOC has been increased from 125 per cent plus Rs. 25 per kg. to 145 per cent *ad-valorem* with effect from the 16th December, 1988.

(b) Erythromycin is an item covered by the Drugs (Price Control) Order, 1987. There is no proposal at present to reduce the duty on TIOC.

"रूरल बैंक्स इन बैड शेप स्टडी शीर्षक नामक समाचार

1073. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 23.11.88 के फायनेंशियल एक्सप्रैस में "रूरल बैंक्स इन बैड शेप स्टडी" शीर्षक के अन्तर्गत छपे समाचार की ओर दिलाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

वित्त मंत्रालय में आर्थिक कार्य विभाग में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) जी, हां। भारतीय रिजर्व बैंक ने ग्रामीण ऋण के वितरण को सरल बनाने के लिए कई उपाए किए हैं जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं :– छोटे किसानों के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में सरल आवेदन प्रपत्र, ऋण आवेदन के निपटान के लिए समय सीमा का निर्धारण कमजोर वर्गो के उधारकर्ताओं की सहायता के लिए शाखा प्रबन्धकों को आवश्यक शक्तियां, अन्य पक्षीय गारन्टी के लिए जोर न देना, ऋणों के संवितरण के लिए निश्चित कार्य दिन निर्धारित करना और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उन दिनों आकस्मिक जांच करना, सप्ताह में एक दिन गैर-सरकारी कारबार दिवस के रूप में मनाना।

बैंकों द्वारा बट्टे खाते में डाली गई ऋण धनराशि

1074. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संबद्ध व्यक्तियों से ऋणों की वसूली न होने की वजह से, देश के राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा दिए गए ऋणों की भारी राशियों को प्रतिवर्ष बट्टे खाते में डाल दिया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो उन धनराशियों का ब्यौरा क्या है जो पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्षवार बट्टे खाते में डाली गई; और